नवभारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 सीना तानकर बोलूंगा देश नक्सल मुक्त




6 आखिर क्या है 'डान्स ऑफ डेमोक्रेसी'


7 वैश्विक तनाव से बढ़े तेल के दाम


8 एरॉन राय ने जीता यूएस पीजीए का खिताब

## एक नजर में



### चीन में 5.2 तीव्रता के भूकंप से 2 की मौत

**लिउझोउ, गुआंग्शी.** चीन के गुआंग्शी प्रांत के लिउझोउ शहर में सोमवार देर रात 12-21 बजे 5.2 तीव्रता का भूकंप आया. भूकंप की चपेट में आने से 63 वर्षीय पुरुष और 53 वर्षीय महिला की मौत हो गई. राहत और बचाव कार्य जारी है, और अन्य लोगों की तलाश की जा रही है. रिपोर्ट्स के अनुसार, भूकंप में 13 इमारतें धराशायी हो गईं. इसके अलावा चार लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जिनकी हालत स्थिर है, और एक व्यक्ति अभी भी लापता है. सुरक्षा कारणों से रेलवे अधिकारियों ने पटरियों की जांच शुरू कर दी है, जिससे कुछ ट्रेन सेवाओं में देरी हुई.

### धन शोधन मामले में आप नेता सिंगला गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को दिल्ली और गोवा में छापेमारी करने के बाद बैंक धोखाधड़ी और धन शोधन के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता दीपक सिंगला को गिरफ्तार कर लिया है ईडी ने बताया कि आप नेता और पूर्व विधानसभा उम्मीदवार दीपक सिंगला तथा अन्य कथित हवाला ऑपरेटरों के दिल्ली और गोवा स्थित ठिकानों पर तलाशी ली गई।उसे ऐसी जानकारी मिली है कि श्री सिंगला कथित तौर पर दिल्ली और गोवा के बीच आप के लिए हवाला कारोबार का संचालन कर रहे थे।

### भभुआ-सासाराम-पटना इंटरसिटी में लगी आग

**पटना.** सोमवार सुबह भभुआ-सासाराम-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस की जनरल बोगी में अचानक आग लग गई, जिससे प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी मच गई. यात्री अपनी जान बचाने के लिए ट्रेन से नीचे उतरने लगे. रेलवे और आरपीएफ टीम मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया. किसी यात्री या रेलकर्मी को कोई नुकसान नहीं हुआ. प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या ज्वलनशील सामग्री के कारण आग लगने की आशंका जताई गई है.

### गुरुग्राम मेट्रो परियोजना की बढ़ी लागत को मंजूरी

**चंडीगढ़.** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में गुरुग्राम मेट्रो परियोजना की बढ़ी हुई लागत को मंजूरी दे दी गई. मंत्रिमंडल ने मिलेनियम सिटी सेंटर (एमसीसी) से साइबर सिटी तक प्रस्तावित गुरुग्राम मेट्रो कॉरिडोर की संशोधित परियोजना लागत 7,098.70 करोड़ रुपये स्वीकृत की है। बैठक में रैपिड मेट्रो के साथ इंटीग्रेशन के बदले हुए परिदृश्य से संबंधित 947.06 करोड़ रुपये की अनुपूरक रिपोर्ट तथा सेक्टर-5 मेट्रो स्टेशन से गुरुग्राम रेलवे स्टेशन तक स्पर लाइन के लिए 454.32 करोड़ रुपये की अनुपूरक रिपोर्ट को भी मंजूरी प्रदान की गई.

## गुस्ताखी माफ




# एनटीए चेयरमैन तलब

## नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामला : समिति की अहम बैठक 21 को

**नई दिल्ली, 18 मई. नीट-यूजी 2026 पेपर लीक के मामले में 15 दिन बाद संसदीय समिति ने एनटीए चेयरमैन प्रदीप कुमार जोशी को तलब किया है. इस मामले में अब तक10 गिरफ्तारियां हो चुकी है. सोमवार को नीट -यूजी पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने देश भर में कई ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की है. इस जांच अभियान के तहत कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं.**

वहीं, लातूर के प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान रेणुकाई करियर सेंटर (आरसीसी) के निदेशक शिवराज मोटेगांवकर को सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में सोमवार को पुणे से गिरफ्तार किया. दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें 9 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा है.



प्रोफेसर मोटेगांवकर ने रसायन विज्ञान के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई और 2003 में आरसीसी की स्थापना की. आरसीसी नीट, जेईई और एमएच-सीईटी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाला प्रमुख कोचिंग नेटवर्क है. इससे पहले सीबीआई ने 17-18 मई को शिवराज मोटेगांवकर से लंबी पूछताछ की थी. उनकी गिरफ्तारी के साथ ही कुल 10 अभियुक्त गिरफ्तार हो चुके हैं.

संसदिय बैठक की अधक्ष्यता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह करेंगे. समिति 21 मई को शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों से भी इस मामले पर राय लेगी. बैठक में एनटीए चेयरमैन प्रदीप कुमार जोशी, शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे. यह बैठक नीट-यूजी पेपर लीक मामले और राधाकृष्णन कमेटी की रिपोर्ट के तहत एनटीए में सुधारों की प्रगति की समीक्षा करेगी. नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी, जिसमें करीब 22 लाख छात्रों ने भाग लिया. परीक्षा के चार दिन बाद 7 मई को अनियमितताओं और पेपर लीक की जानकारी सामने आई. इसके बाद एनटीए ने परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 21 जून को परीक्षा पुनः आयोजित करने की घोषणा की है. वहीं, मंत्री ने कहा कि अगले वर्ष से यह परीक्षा पूरी तरह से कंप्यूटर आधारित होगी. बैठक में आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के शिक्षा पर प्रभाव और छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा होगी.

### सुप्रीम कोर्ट में कंप्यूटर आधारित परीक्षा की मांग

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को नई याचिका दायर की गई है, जिसमें नीट -यूजी परीक्षा को तुरंत कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में बदलने की मांग की गई है. याचिका में कहा गया है कि बार-बार पेपर लीक और सुरक्षा कमियों ने मौजूदा पेन-पेपर प्रणाली की कमजोरियाँ उजागर कर दी हैं. याचिकाकर्ताओं ने 21 जून की री-टेस्ट को भी कंप्यूटर पर कराने की मांग की. साथ ही, भविष्य की परीक्षाओं के लिए समय सीमा तय करने और एनटीए को हटाकर नई स्वतंत्र और पारदर्शी संस्था बनाने की सिफारिश की गई है. कंप्यूटर आधारित परीक्षा में डिजिटल कोड, बायोमेट्रिक और एआई निगरानी से सुरक्षा बढ़ती है.

# घोटालों से बचकर रहें

## निगम, मंडल, आयोग, बोर्ड और प्राधिकरणों के अध्यक्षों को दो टूक

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 मई. हाल ही में लंबे समय से इंतजार के बाद सरकार की मुख्य धारा में शामिल हुए निगम, मंडल, प्राधिकरण, बोर्ड और आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ सदस्य सोमवार को राजधानी में थे. यहां उनकी स्कूल ऑफ गुड गवर्नेंस में तीन घंटे से अधिक क्लॉस चली. उन्हें बताया गया कि नई ताजपोशी के बाद क्या करना है और क्या नहीं करना है.**

ट्रेनिंग के दौरान उन्हें कामकाज के तरीके के बारे में तो बताया ही गया, लेकिन सबसे ज्यादा फोकस उनके चाल, चरित्र और चेहरे पर किया गया. उन्हें दो टूक सलाह दी गई कि वे दिखावे की राजनीति और चापलूसी से बचकर रहें. नए अध्यक्ष बनने के बाद कई लोग आसपास मंडराएंगे, करीबी होने का दावा करेंगे, सहयोग के लिए हाथ बढ़ाएंगे, इसलिए मौका परस्तों से बचकर रहें. किसी भी तरह के घोटालों से बचकर रहें. (शेष पेज 7 पर)




> वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल ने हाल ही में पदभार ग्रहण के दौरान कुछ निगम-मंडल के अध्यक्ष, उपाध्यक्षों द्वारा सैकड़ों वाहनों के काफिले के प्रदर्शन पर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पीएम मोदी की अपील के बाद भी वाहनों का काफिला निकालना दबंगई से कम नहीं है. इससे हमारी अच्छी छवि नहीं बनती. आपके अच्छे कामों से पार्टी का नाम होता है तो बुरे कामों से बदनामी भी होती है, इसका हमेशा ध्यान रखें.

> प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को आचरण पर ध्यान देने की नसीहत दी. उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अनुरूप हम राजनीति को प्रोफेशन नहीं मिशन मानते हैं. सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के आचरण और व्यवहार में यह भाव अभिव्यक्त होना चाहिए. निगम-मंडलों को आत्मनिर्भर बनाना और शुचिता के साथ उनका संचालन सभी पदाधिकारियो का दायित्व है.

# अमेरिका में एयर शो में 2 फाइटर जेट्स हवा में टकराए

**इदाहो, 18 मई. अमेरिका के माउंटेन होम एयर फोर्स बेस में रविवार को बड़े एयर शो के दौरान दो अमेरिकी लड़ाकू विमान आपस में टकरा गए. हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर 12-30 बजे हुआ. टकराते ही दोनों जेट्स क्रैश हो गए और आग के गोले में तब्दील हो गए. हालांकि, विमान में सवार चारों पायलट सुरक्षित बच गए और पैराशूट के जरिए नीचे उतरे.**



दुर्घटनाग्रस्त विमान अमेरिकी नौसेना के एडवांस्ड ग्रोवलर फाइटर जेट थे. टक्कर इतनी जोरदार थी कि विमानों के परखच्चे उड़ गए और आसमान में काले धुएं का गुबार फैल गया. हादसे के बाद पूरे एयर बेस को तुरंत बंद कर दिया गया और सुरक्षा के दृष्टिगत आगामी सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए. सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि हवा में टकराते ही जेट्स आग के गोले में बदल गए.

क्रू मेंबर्स समय रहते बाहर निकलने में सफल रहे और उन्हें पैराशूट के जरिए सुरक्षित नीचे उतरते देखा गया. अमेरिकी नौसेना ने बाद में चारों क्रू मेंबर्स की सुरक्षा की पुष्टि की।इस एयर शो का आयोजन आठ साल बाद किया गया था और इसे देखने हजारों की भीड़ जुटी थी. आयोजकों ने करीब दो साल तक इसकी तैयारी की थी.

# वीडी सतीशन बने केरल के 13वें मुख्यमंत्री

**20** सदस्यीय मंत्रिमंडल ने सतीशन के साथ ली शपथ

**10** साल से चला आ रहा वामपंथी शासन समाप्त




**तिरुवनंतपुरम, 18 मई. कांग्रेस नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट की बड़ी जीत के बाद वी.डी. सतीशन ने केरल के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें मलयालम भाषा में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. इसके साथ ही राज्य में पिछले 10 साल से चला आ रहा वामपंथी शासन समाप्त हो गया।**

शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे. इस दौरान राहुल सतीशन को गले लगाते भी नजर आए. समारोह में कर्नाटक के सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, तेलंगाना के रेवंत रेड्डी और हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुक्खू समेत अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए।

सतीशन के साथ 20 सदस्यीय मंत्रिमंडल ने शपथ ली. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तिरुवंचूर राधाकृष्णन को विधानसभा स्पीकर और शनिमोल उस्मान को डिप्टी स्पीकर बनाया गया. अपू जॉन जोसेफ को सरकार का चीफ व्हिप नियुक्त किया गया. (शेष पेज 7 पर)

# महाराष्ट्र, यूपी और बिहार में 30 लोगों की मौत

नवभारत न्यूज

**पालघर/पटना/लखीमपुर खीरी, 18 मई. 18 मई को महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और बिहार में सोमवार को हुए अलग-अलग सड़क हादसों ने में 30 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए.**

महाराष्ट्र के पालघर में सोमवार सुबह बारातियों से भरा मिनी टेंपो और कंटेनर की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हुए. घटना धानीवारी गांव के पास हुई, जहां 50 से अधिक यात्री एक समारोह में जा रहे थे. घायलों को कासा उप जिला अस्पताल और आसपास के मेडिकल सेंटरों में भर्ती कराया गया. वहीं, बिहार मानसी थाना क्षेत्र के एनएच-31 पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए. जानकारी के मुताबिक, ट्रक अत्यधिक तेज रफ्तार में आ रहा था और अचानक अनियंत्रित होकर ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और सभी सवार सड़क पर गिर गए. ऑटो में करीब 10-11 लोग सवार थे, जो खगड़िया से महेशखुंट जा रहे थे. हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई.

### यूपी के लखीमपुर खीरी में 10 लोगों की मौत

उत्तर प्रदेश- राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर सोमवार को लखीमपुर खीरी के ईसानगर थाना क्षेत्र के सिसैया के पास एक भयंकर सड़क हादसा हुआ. यहां तेज रफ्तार ट्रक और सवारियों से भरी डग्गामार मैजिक में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई. हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. जानकारी के मुताबिक, मैजिक गाड़ी लखीमपुर से ईसानगर की तरफ जा रही थी और इसमें करीब 12 सवारियां थीं. विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकराते ही मैजिक के परखच्चे उड़ गए.

### मृतकों को 2 लाख, घायलों को 50 हजार की घोषणा

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ितों को तुरंत सहायता पहुंचाने का निर्देश दिया. उन्होंने घोषणा की कि मृतकों के परिवारों को पीएम राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी.

# अमेरिका ने शांति वार्ता के लिए रखी शर्तें

**वॉशिंगटन, 18 मई. अमेरिका ने ईरान के साथ शांति प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए पांच बड़ी शर्तें रखीं हैं. एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने ईरान से कहा कि बमबारी के नुकसान का कोई मुआवजा नहीं मिलेगा और एनरिच्ड यूरेनियम अमेरिका को सौंपा जाए.**

इसके अलावा, ईरान में केवल एक परमाणु केंद्र ही चालू रहना चाहिए और फ्रीज हुई विदेशी संपत्तियों तय रकम से ज्यादा जारी नहीं की जाएगी. वॉशिंगटन चाहता है कि लेबनान समेत सभी युद्ध मोर्चों पर बातचीत के जरिए समाधान निकाला जाए. ईरान ने होर्मुज की नाकाबंदी हटाने की मांग की, न मानने पर अमेरिकी सेना को ओमान सागर में तैनात करने की चेतावनी दी.

### ईरान के साथ ये रखीं बड़ी शर्तें...

1. मुआवजा नहीं, 400 किलोग्राम एनरिच्ड यूरेनियम सौंपना, केवल एक परमाणु केंद्र चालू, फ्रीज संपत्ति का 25 प्रतिशत जारी और सभी युद्ध मोर्चे बातचीत से हल.
2. ईरान ने होर्मुज की नाकाबंदी हटाने को कहा, न करने पर ओमान सागर में अमेरिकी सेना की तैनाती की चेतावनी दी.
3. यूएई के बराकाह न्यूक्लियर प्लांट पर ड्रोन हमला हुआ, ईरान पर शक जताया गया.
4. भारत ने कहा- होर्मुज में शिपिंग रोकना अस्वीकार्य.
5. ट्रम्प ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को 20 साल के लिए सस्पेंड करने की पेशकश की.
6. आईआरजीसी ने इराक में अमेरिका समर्थक आतंकियों को निशाना बनाया और हथियार जब्त किए.

**दौरा** भारत और नॉर्वे संबंधों को 'ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप' के नए दौर में ले जा रहे हैं

# भारत-यूरोप संबंधों में नया स्वर्णिम युग : पीएम मोदी

**ओस्लो, नॉर्वे, 18 मई. नॉर्वे दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नॉर्वे के प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत और नॉर्वे अपने संबंधों को 'ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप' के नए दौर में ले जा रहे हैं.**

उन्होंने कहा कि दोनों देश क्लीन एनर्जी, ब्लू इकॉनमी, ग्रीन शिपिंग, रिसर्च और डिजिटल सहयोग जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे. प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वैश्विक अस्थिरता के दौर में भारत और यूरोप के संबंध एक नए स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने नॉर्वे पहुंचने पर मिले आत्मीय स्वागत के लिए आभार जताया. उन्होंने नॉर्वे के संविधान दिवस के अवसर पर वहां की जनता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नॉर्वे नेचर और ह्यूमन प्रोग्रेस के बीच संतुलन का सुंदर उदाहरण है. उन्होंने कहा कि वह पिछले वर्ष नॉर्वे आने वाले थे, लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण यात्रा स्थगित करनी पड़ी थी. प्रधानमंत्री ने कहा कि उस कठिन समय में नॉर्वे ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ मजबूती से खड़े होकर सच्ची मित्रता दिखाई. प्रधानमंत्री ने कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया समेत दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है.



### शांति और कूटनीति पर जोर

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और नॉर्वे दोनों रूल्स बेस्ड आर्डर, डायलाग और डिप्लोमेसी में विश्वास रखते हैं. उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे का समाधान मिलिट्री कनफ्लिक्ट से संभव नहीं है. उन्होंने कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया में संघर्ष की जल्द समाप्ति तथा शांति के प्रयासों का भारत और नॉर्वे समर्थन करते रहेंगे. साथ ही, दोनों देशों ने ग्लोबल इंस्टीट्यूशन्स में सुधार और आतंकवाद के हर रूप के खात्मे की जरूरत पर भी सहमति जताई.



# रेलवे ने पहली बुलेट ट्रेन की तस्वीर साझा की

**अहमदाबाद, 18 मई.** भारत की पहली बुलेट ट्रेन की तस्वीर पहली बार सामने आई है. मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ रहा है. जापान की मदद से बन रही यह ट्रेन भारत में तेज और आधुनिक रेल सफर की नई शुरुआत मानी जा रही है.